RAJASTHANI ASSOCIATION TAMILNADU
CHENNAI
EVERY COUNTRY IS MY COUNTRY, EVERY MAN IS MY KINSMAN

தக்ஷின் ராஜஸ்தானி போஸ்ட்

# दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

**राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका**



**मार्च 2023**

# राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु

## पदाधिकारीगण 2022-2023

**अध्यक्ष :**
लिकमीचंद सी. सिंघवी

**मनोनीत अध्यक्ष :**
मोहनलाल एन. बजाज

**उपाध्यक्ष :**
प्रवीण कुमार टाटिया
नरेन्द्र कुमार श्रीश्रीमाल
अजीतकुमार चोरड़िया

**महामंत्री :**
जयंतीलाल तेलिसरा

**सहमंत्री :**
हेमंत दुगड़
अजय कुमार नाहर
ज्ञानचंद आँचलिया

**कोषाध्यक्ष :**
गौतमचंद समदड़िया

**सह-कोषाध्यक्ष :**
ज्ञानचंद कोठारी


# दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका

वर्ष : 54 | अंक : 3 | मार्च 2023

**मुख्य संपादक**
रमेश गुप्त नीरद

**प्रबन्ध संपादक**
गोविंद मूँदड़ा

**चेयरमेन**
चंद्रप्रकाश मालपानी

**को-चेयरमेन**
मोहनलाल बजाज

शब्द संयोजन : विवेक अग्रवाल



प्रकाशन एवं संपर्क कार्यालय :

**राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु**
128, एन.एस.सी. बोस रोड़,
साहुकारपेट, चेन्नई - 600079.
दूरभाष : 044-25360496, 25392438
E-mail : drp.rajasthaniassn@gmail.com
Website www.rajasthaniassntn.in


**इस अंक की विशेषता :**

जहाँ जहाँ यह चिह्न है उन पर क्लिक कर के आप वीडियो देख सकते हैं।



# होली का गुलाल भरा टीका

इस वर्ष भारतीय सांस्कृतिक त्यौहार ‘होली’ एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एक ही दिवस अर्थात् 8 मार्च को पड़ रहे हैं। मन के कलुष को धोकर संबंधों के नवीनीकरण का त्यौहार है ‘होली’ जब हम रंग और गुलाल से जीवन को रसरंजित करते हैं।

किंतु पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण ने भारतीय जीवन से त्यौहारों के असली स्वरूप को मटमैला कर दिया है। यद्यपि सामाजिक संस्थाएँ अपने कार्यक्रमों द्वारा त्यौहारों की पावनता, परम्परा और महत्ता को जीवित रखने का प्रयत्न करती रही है; फिर भी भारतीय माँ-बाप को होली जैसे त्यौहारों की पवित्रता और मूल्य अपने बालकों को समझाना आवश्यक है।

**मन के कलुष को धोकर संबंधों के नवीनीकरण का त्यौहार है ‘होली’**

महिला-दिवस पर भारतीय महिलाओं के संदर्भ में मैं इतना ही कहना चाहूँगा कि भारतीय महिलाएँ जीवन के हर क्षेत्र में अपनी कीर्ति ध्वजा फहरा रही है। भारतीय महिलाएँ सक्षम हैं घर और बाहर की जिम्मेदारियों को बखूबी वहन करने में। आवश्यकता है उनका साथ-समर्थन, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देने की। आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने पर नारी अपने नारीत्व और कर्त्तव्य को ना भूले। करुणा, ममता और सहनशीलता के गुणों से दीप्त रहे, अपनी संतान को


संस्कारित करती रहे - यही शुभकामना है महिला दिवस पर।

समाज और राष्ट्र एक दूसरे के पूरक हैं। आजकल अपने देश में एक ऐसा समाज विकसित हो रहा है जो भारत विरोधी विचारधारा का पोषक है। नेता हों, चाहे जनता - सभी को देश के विकास में रचनात्मक सहयोग देना चाहिए। सरकारें बदलती रहती हैं; किन्तु हमें राष्ट्रीय हित को अपने स्वार्थों से ऊपर रखना चाहिए। विरोध नहीं - आलोचना कीजिए। गुण और दोष, दोनों पर खुले मस्तिष्क से मंथन कर अपने विचार प्रकट करने चाहिए।

**सभी को देश के विकास में रचनात्मक सहयोग देना चाहिए**

कुछ बाहरी ताकतें भारत को कमजोर करने पर उतारू हैं। हमें उनकी मंशाओं को समझकर, अपनी एकजुटता और राष्ट्रीयता से उनको ध्वस्त करना चाहिए। समाज को इसी भाव को अपनाकर आगे बढ़ना चाहिए।

अंत में, सभी भारतवासियों को 'होली' की रंगभरी शुभकामनाएँ।





# होली – समाज के आईने से

**रमेश गुप्त 'नीरद'**



संबंधों ने ली अंगड़ाई, टेसू बन गए होली में,
रंग वासन्ती अन्तर भीगा, बौराई इस होली में।
तुम भी आओ, हम भी आएँ, फाग रचाएँ होली में,
जीवन को रस-रंजित कर लें, हुड़दंगी इस होली में।।

संबंधों की जिस अनमोल घटा का वर्णन उपरोक्त काव्य पंक्तियों में मैंने किया है, वह आज अर्थात् आधुनिक युग में देखने को नहीं मिलती।

मनाने को हम आज भी होली मनाते हैं। सामाजिक संस्थाएँ होली पर स्नेह-मिलन का आयोजन करती हैं। किंतु मन की निर्बंध पावन मुक्तता, प्रेम-प्यार, स्नेह-सौहार्द की गंगा अब लुप्तप्राय है सामाजिक कार्य-कलापों में।

समय के साथ-साथ, भौतिक समृद्धि की चकाचौंध में होली अब अपना अर्थ खोती जा रही है। होली पर्व कभी सामाजिक समरसता, समानता का पर्व था। समता के धरातल पर, गुलाल और अबीर हाथों में लेकर एक-दूसरे के चेहरों को रंग कर गले मिलना मानवतावाद और भाईचारे के संबंधों की प्रगाढ़ता का पर्व था। अग्रजों, बुजुर्गों के चरणों पर अबीर-गुलाल समर्पित कर, श्रद्धा उड़ेलने का पर्व था होली। परम्पराओं और संस्कारों की जड़ों को हृदय के निर्मल जल से सींचने का नाम था होली। भाभी-देवर की स्नेह आकांक्षाओं

के ममत्व भरे आँचल से बंधा पर्व था होली। फाल्गुनी हवाओं की छेड़छाड़ और मौसम की मधुर मुस्कान से पल्लवित और सुरभित खुशगवार पर्व था होली।

किंतु आज! होली संबंधों में कड़वाहट पैदा करती है, तो कहीं जुगुप्सा। होली पर्व बनकर रह गया है कीचड़ उछालने का, चेहरों को तारकोली पेंट या सिंथेटिक रंगों से बदरंग कर उन्हें झुलसाने का। नर-नारियों के होली खेलने में अब मधुरता नहीं विकृति झलकती है। अशोभनीय व्यवहार होली खेलने के साधन बन गए हैं आज।

इन सब प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाने के लिए न तो समाज में क्षमता है और न ही बालकों को सुसंस्कारित करने का माद्दा है। अधिकतर यह सब उस समाज के दायरे में घटित होता है जो अपने आपको शिक्षित तथा सभ्य कहलाना पसंद करता है। शहरी वातावरण से दूर गाँवों अथवा कस्बों में अभी भी कहीं-कहीं होली अपने पारम्परिक शुद्ध रूप में मनाई और खेली जाती है - किन्तु शनैः शनैः वहाँ भी शहरी सभ्यता



अपने पाँव पसार रही है।

होली के साथ होलिका दहन हमारी आस्था और उसमें निहित दूरगामी सोच की अंतरंग कथा है। धुलैंडी के पूर्व दिवस, संध्या को होलिका-दहन होता है। होलिका तापसी कन्या का नाम था जो राजा हिरण्यकश्यप की बहिन थी। होलिका ने घोर तपस्या के फलस्वरूप वरदान प्राप्त किया था कि अग्नि उन्हें जला नहीं सकेगी। किन्तु उसके तप का तेज और शक्ति अपने अहंकारी और अन्यायी भाई के आदेश पालन के कारण नष्ट हो गई। वह अपने भतीजे, विष्णु के परम भक्त प्रहलाद, को गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश कर जाती है किंतु वह स्वयं जल गई जबकि ईश्वर पर आस्था रखनेवाला, सद्प्रवृत्ति का बालक जीवित रह गया। प्रतीकात्मक यह कथा हमें संदेश देती है कि श्रेष्ठतम गुणों से युक्त व्यक्ति यदि अहंकारी और दंभियों का साथ देगा तो उसकी श्रेष्ठता नष्ट हो जाएगी।



समाज को यदि विकास की ऊँचाईयों पर ले जाना है, उसे गतिशील रखना है तो होली के अवसर पर हमें होली के महत्त्व को समझना होगा। इसे सही संदर्भों तथा सच्चे अर्थों में जानना होगा। होली पर शुद्ध, सात्विक व्यवहार द्वारा अपने आचरण तथा मन के कलुष को जीवन के लाल-गुलाबी रंग में रंगना होगा जो तेज, आभा, सौंदर्य और प्रगतिशील जीवन का सूचक तथा प्रतीक है।

तो आइए! होली पर, होली को होली की पहचान दें और संबंधों को मधुरता की तान दें, लय दें - अविराम दें। □

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**8 मार्च**



महिलाएँ परिवार का एक अहम हिस्सा हैं। वक्त के साथ-साथ महिलाएँ समाज और राष्ट्र के निर्माण का एक अहम् हिस्सा बन चुकी हैं। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम को प्रकट करते हुए महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों के सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर हर साल 8 मार्च को 'विश्व महिला दिवस' मनाया जाता है।

अमेरिका में सोशलिस्ट पार्टी के आह्वान पर यह दिवस सबसे पहले 1909 में मनाया गया था। 1910 में इसका प्रमुख ध्येय महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिलवाना था क्योंकि उस समय अधिकत्तर देशों में महिला को वोट देने का अधिकार नहीं था। पहला आधिकारिक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 1975 में मनाया गया था जब इसे संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा मान्यता दी गई।

विश्व के कई देशों में यह दिन एक आधिकारिक अवकाश के रूप में रहता है। इस दिवस पर पुरुष प्राय: अपने जीवन में उपस्थित महिलाओं जैसे पत्नी, बेटियों, बहनों, माताओं, सहकर्मियों आदि को फूल या उपहार भी देते हैं।

महिलाओं को राष्ट्रीय, जातीय, भाषाई, सांस्कृतिक, आर्थिक या राजनीतिक विभाजन की परवाह किए बिना उनकी उपलब्धियों के लिए पहचाना जाए। □

# विश्व कविता दिवस

21 मार्च



ज़िंदगी का यह बेहतरीन अनुभव भी जिया करो,
अच्छे कवियों की कविताओं को पढ़ लिया करो।

कविता हमारे अंदर का आईना है जो हमारी भावनाओं को कागज़ पर उकेरता है। यूनेस्को ने 1999 में 21 मार्च को 'विश्व कविता दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य कवियों और कविता की सृजनात्मक महिमा को सम्मान देने के लिए है।

दुनिया की खूबसूरती को बयां करने के लिए कविता से बेहतर कोई माध्यम नहीं है। वहीं दुनिया के दु:खों का भार भी इन्हीं कविताओं ने सदियों से अपने कंधों पर ढ़ो रखा है। स्त्रियों के सारे सपने इन कविताओं से बंधे हैं, पुरुषों के डरों को भी कविताओं ने स्वीकारा है। कितने ही लोगों के लिए कविता ने प्राणवायु का कार्य किया है। कविताओं से हम हैं और हम ही से कविताएँ हैं।

भारत के स्वतंत्रता-संग्राम में कविताओं ने युवकों में जोश भरने और क्रांति की अलख जगाने का महती कार्य किया था। आज भी कविता निराशा में आशा जगाती है। दु:खी मन की पीड़ सहलाती है तो खुशी की भावनाओं को पंख फैलाने का अवसर प्रदान करती है।

कविता प्रेरणा का स्रोत है तो राष्ट्र, धर्म और प्रेम की कलकल धारा भी है। काव्य पुस्तकें उपहार में दीजिए, क्योंकि जीवन जीने की सही शिक्षा देती है कविता। □

# रजत की पाँचवीं कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित सदस्य

## नए आजीवन सदस्य

**श्री रौनक गुगलिया,** 72, जरमिया रोड़, वेपेरी, चेन्नई-600007. मो: 7299972143

**श्री के. भरत, मर्प इंडिया**, 293/1, सिडनहेम्स रोड, नेहरू टिम्बर मार्केट, चूलै, चेन्नई-600112. मो: 9841042086

**श्री के. हरीश,** 81/2, एस.पी.आर. कोइल स्ट्रीट, अगरम, चेन्नई - 600082. मो: 9790278910

**श्री अनुराग महेश्वरी,** 1985, अल्कन वायोलेट अपार्टमेंट, 15वाँ मेन रोड़, अन्नानगर वेस्ट, चेन्नई - 600040. मोबाइल: 9840896110

**श्री सुधीर कुमार मूँधड़ा**, स्वास्तिक श्री, नं. 6, रेड हिल्स रोड़ (साउथ), विल्लीवाक्कम, चेन्नई-600049. मोबाइल: 9171191711

**श्री विकास समदड़िया,** सूट नं. 111, राम लक्ष्मण चेम्बर्स, पहला माला, 19-20, जनरल मुथिया मुदली स्ट्रीट, चेन्नई - 600001. मो: 9841053274

**श्री नंदकिशोर सांवल**, वाई-158, तीसरी गली, निचला माला, अन्नानगर, चेन्नई-600040. मो: 9382171721

**श्री नवीन कुमार लाठ**, फ्लैट नं. 206, ए-ब्लाक, 'ई' रेसिडेन्स, नं.2, क्लब हाउस रोड़, माउंट रोड़, चेन्नई - 600002. मोबाइल : 984025200

**श्री नवनीत बागड़ी**, नया नं.15/पुराना नं.6'बी', वाडेल्स रोड, किलपॉक, चेन्नई - 600010. मो: 9841198168

**श्री यशवंत चोपड़ा**, 5, सुब्रमणियम स्ट्रीट, तीसरा रमाला, साहुकारपेट, चेन्नई-600079. मो: 9444010750

**श्री संतोष बिसानी**, एफ-1002, के.एल.पी. अभिनंदन अपार्टमेंटस्, एफ-ब्लॉक, 10वाँ माला, 1-30, पेरम्बूर बेरक्स रोड, पट्टालम, चेन्नई-600012. मो: 9940087026

---

# राजस्थानी एसोसिएशन कांचीपुरम द्वारा नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर




राजस्थानी एसोसिएशन कांचीपुरम ने नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जिसमें 92 लोगों की आँखों की जाँच की गई। 45 चश्में बाँटे गए तथा 10 लोगों के आँखों में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया जाएगा। □

# रजत के मार्च 2023 के प्रस्तावित कार्यक्रम

**4 मार्च 2023, शनिवार**

## जनहित सार्वजनिक व्याख्यान

डी.जी. वैष्णव कॉलेज, अरूम्बाक्कम, चेन्नई

**5 मार्च 2023, रविवार**

## होलिया में उड़े रै गुलाल

म्यूजिक अकादमी, मैलापुर, चेन्नई

**12 मार्च 2023, रविवार**

## राजस्थान युवा रत्न समारोह

लेडी आंडाल स्कूल ऑडिटोरियम, चेन्नई

**18-19 मार्च 2023, शनिवार-रविवार**

## राज्य परिषद् सभा

सिरकाली, तमिलनाडु

**24 मार्च 2023, शुक्रवार**

## सामाजिक संस्था सेवा सम्मान

**26 मार्च 2023, रविवार**


## रजत पदारोहण समारोह

एस.आर.के.के. अग्रवाल सभा भवन, अन्नानगर, चेन्नई

# राजस्थानी असोसिएशन तमिलनाडु
एवं
# राजस्थान यूथ असोसिएशन

द्वारा प्रस्तुत
एक
जनहित सार्वजनिक व्याख्यान

## "रामराज्य और भारतीय संविधान"



वक्ता :
**श्री अश्विनी उपाध्याय**
(वरिष्ठ अधिवक्ता - सर्वोच्च न्यायालय, विचारक, चिंतक)

**शनिवार,**
**दि. 4 मार्च 2023,**
**सायं ठीक 7 बजे**

विनीत

राजस्थानी असोसिएशन तमिलनाडु

| | | |
|---|---|---|
| लिक्मीचंद सिंघवी | जयंतिलाल तेलीसरा | गौतमचंद समदडिया |
| अध्यक्ष | महासचिव | कोषाध्यक्ष |

राजस्थान यूथ असोसिएशन

| | | |
|---|---|---|
| दिनेशकुमार मेहता | आशीष जैन | कमल के. बांगर, विपिन पारलेचा |
| अध्यक्ष | सचिव | चेयरमेन,एचआरडी |

**डी.जी. वैष्णव कॉलेज**
अरुम्बाक्कम, चेन्नई -106
**HI-TEA - 6 - 7pm**

# राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु
# आर.वाई.ए. डायमंड
# फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल सोसायटी

का संयुक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम

# होलिया में उडै रै गुलाल

**5 मार्च 2023, रविवार,**
**सायं 6.30 बजे से**
**म्यूजिक अकादमी, मैलापुर, चेन्नई में**



# रजत राज्य परिषद् अधिवेशन

## 18 एवं 19 मार्च 2023, सिरकाली, तमिलनाडु

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा राज्य परिषद् के अधिवेशन प्रति वर्ष आयोजित किए जाते हैं। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य तमिलनाडु एवं पुदुचेरी की सभी जिला मुख्यालयों तथा शहरों में राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की स्वतंत्र शाखाएँ स्थापित कर, उन्हें मुख्य संस्था से जोड़ना है। यह प्रयास करीब 17 वर्षों से किया जा रहा है ताकि तमिलनाडु के प्रवासियों का एक मजबूत संगठन हो। अब तक करीब 10 जिला स्तर की शाखाएँ स्थापित हो चुकी हैं।

इस अधिवेशन में कई सामायिक विषयों पर परिचर्चा होगी। अधिवेशन में चेन्नई के अलावा तमिलनाडु के अन्य जिला व नगरों से अच्छी तादाद में प्रतिनिधियों का आना तय है।


इस अवसर पर राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु से संबद्ध संस्थाओं के विचार एवं राज्य परिषद् को समृद्ध, संबल व संगठित बनाने के विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा।

इस अधिवेशन में भाग लेने के लिए अग्रिम पंजीकरण करना अनिवार्य है। आवास, यातायात, भोजन, कार्यक्रम व अन्य सभी व्यवस्थाएँ उपलब्ध रहेंगी।

पंजीकरण शुल्क 1000/- प्रति व्यक्ति।

18 मार्च 2023 को सुबह 7.15 बजे ट्रेन द्वारा प्रस्थान होगा और 19 मार्च 2023 को रात्रि 11.30 बजे की ट्रेन से वापसी होगी।

अधिक जानकारी के लिए 9120189191 अथवा रजत के कार्यालय में संपर्क करें।


राजस्थान एसोसिएशन तामिलनाडु
राज्य परिषद अधिवेशन~ सिरकाली
दिनांक 18 एवं 19 मार्च 2023
अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है की
राजस्थान एसोसिएशन तामिलनाडु की राज्य परिषद अधिवेशन
के कार्यक्रम आयोजन का सुअवसर हमे प्राप्त हुआ इसलिए
मैं राजस्थान एसोसिएशन तामिलनाडु का तहे दिल से
हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।।
मन्दिरों के शहर सिरकाली की पावन धरा पर
दिनांक 18 एवं 19 मार्च को आयोजित
राजस्थान एसोसिएशन तामिलनाडु के राज्य परिषद अधिवेशन में
रजत के आप सभी सदस्यों को सादर आमन्त्रित करता हूं।। कृपया
अधिक से अधिक संख्या में पधारकर
हमारा आतिथ्य स्वीकार कर हमे अनुग्रहित करे।।
आपका आगमन हमारा सौभाग्य
निवेदक:~ P.ज्ञानचन्द आंचलिया,
सिरकाली/चेन्नई(सह सचिव ~रजत)

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु

द्वारा


# सामाजिक संस्था सेवा सम्मान

24 मार्च 2023, शुक्रवार

शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल एवं
सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य
करने वालों को प्रत्येक श्रेणी में
३ नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे
तथा
सभी प्रतिभागियों के डेटा-संदर्भ में
मान्यता प्रदान कर उनके सामाजिक
योगदान हेतु उन्हें सम्मानित
किया जाएगा।

# दृश्य-श्रव्य का आनंद लीजिए..

## होली आई रे कन्हाई रंग छलके...



होली में अनेक भावों के रंगों को व्यक्त करता फिल्म 'मदर इंडिया' का यह गीत मस्ती, छेड़-छाड़, विरह, इंतजार आदि भावनाओं को दर्शाता है। शमशाद बेगम व लता द्वारा गाया, नौशाद का संगीत, शकील बदायुनी के बोल का यह खूबसूरती से फिल्माया गया गीत सुनने के लिए क्लिक करें...

## होली रे होली, रंगों की डोली..

हेमा मालिनी, ओमप्रकाश व जयश्री टी के सुंदर नृत्य पर फिल्माया, राहुल देव बरमन का संगीत, मन्नाडे-आशा भोसले की सुरीली आवाज में गाया होली का यह मस्ती भरा गीत है। फिल्म 'पराया धन' का यह गीत आपके दिल में होली की मस्ती भर देगा। सुनिए...



# तमिलनाडु मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा कृत्रिम अंग वितरण शिविर




चेन्नई के एस.सी. अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट (मुख्य दानदाता) के सौजन्य व डी.जी. वैष्णव कॉलेज के एन.एस.एस. विंग के सहयोग से तमिलनाडु मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा 5 फरवरी 2023 को नि:शुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में समूचे तमिलनाडु से 42 दिव्यांगों को कैलिपर्स, व्हीलचेयर, 52 कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। ट्रस्ट पिछले 15 सालों से यह सेवा तमिलनाडु में दे रहा है। अब तक 5200 कृत्रिम अंग नि:शुल्क प्रदान किए हैं।

कार्यक्रम में डी.जी. वैष्णव कॉलेज की एनएसएस विंग की ओर से श्री उमापति एवं कल्पना जी को सम्मानित किया गया और विंग के छात्रों के प्रयासों को सराहा गया।

तमिलनाडु मारवाड़ी सम्मेलन के महासचिव श्री मुरारीलाल सौंथलिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सह-संयोजक श्री अजय नाहर ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आई.ए.एस. श्री के. नानदेशीकण ने सभी के प्रयासों की भरपूर प्रशंसा की। □

# महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो द्वारा नि:शुल्क जाँच शिविर




## 27 जनवरी 2023

**काट्टनकुलथुर** - 55 लोगों की आँखों की जाँच, 31 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच भी की गई।

## 3 फरवरी 2023

**पोरूर** - 100 लोगों की आँखों की जाँच, 40 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच भी की गई। 28 लोगों ने एक्यूप्रेशर इलाज का लाभ लिया।

## 5 फरवरी 2023

**अम्बत्तूर** - 175 लोगों की आँखों की जाँच, 75 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच भी की गई।

**पुरुषवाक्कम** - 65 लोगों की आँखों की जाँच, 38 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच भी की गई।

## 12 फरवरी 2023

**पोलुर** - महावीर इंटरनेशनल नार्थ टाउन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 165 लोगों की आँखों की जाँच की गई।

**ताम्बरम** - 101 लोगों की आँखों की जाँच, 67 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच भी की गई।
**पाडी** - 75 लोगों की आँखों की जाँच, 28 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच भी की गई।

### 19 फरवरी 2023


**पल्लाघरे** - 312 लोगों की आँखों की जाँच, 118 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच भी की गई।
**तिरुवल्लूर** - 410 लोगों की आँखों की जाँच की गई तथा 181 लोगों को चश्मे वितरित किए गए।

### 21 फरवरी 2023

**सैदापेट** - 60 लोगों की आँखों की जाँच, 45 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच भी की गई।
**क्रोमपेट** - 120 लोगों की आँखों की जाँच, 90 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच भी की गई।

### 22 फरवरी 2023

**चेंगलपेट** - महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 140 लोगों की आँखों की जाँच, 39 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच भी की गई।



# महावीर इंटरनेशनल एपेक्स का अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन



महावीर इंटरनेशनल एपेक्स का अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन 18 व 19 फरवरी 2023 को सूरत स्थित ग्रीन पैराडाइज रिजॉर्ट में आयोजित किया गया जिसमें महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो को 5 अवार्डों से सम्मानित किया गया।

अखिल भारत में दो वर्ष 2021 से 2023 में सर्वाधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो को प्रथम अवार्ड, आई केयर व चश्मा वितरण में दूसरा, हेल्थ कैंप में द्वितीय, कोविड महामारी के समय लोगों को भोजन वितरण के लिए दूसरा तथा दिलीपजी मेहता को बेस्ट सेक्रेटरी अवार्ड एपेक्स के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री एस.के. जैन तथा महासचिव श्री अनिल जैन ने चेन्नई मेट्रो के चेयरमेन श्री ज्ञानचंद कोठारी को प्रदान किया। □

# अन्नदान - सुबह का नाश्ता




महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नार्थ टाउन के द्वारा चेन्नई के ओटेरी क्षेत्र में स्थित अनबगम सेंटर में मंद बुद्धि के मरीजों को सुबह का नाश्ता कराया गया। □

---

# जोधपुर में संबोधि ध्यान योग शिविर

राजस्थान के जोधपुर के कायलाना रोड़ स्थित प्रसिद्ध साधना-स्थली संबोधि धाम में 1 मार्च से 7 मार्च 2023 तक संबोधि ध्यान योग शिविर आयोजित है।

जीवन में फिजिकल, मेंटल और स्प्रिचुअल पावर बढ़ाने के लिए इस शिविर में प्रतिदिन योग एवं अध्यात्म के पावरफुल प्रयोग करवाए जाएँगे। यह शिविर जीवन जीने की कला का आध्यात्मिक प्रशिक्षण है।

सात दिन के इस आवासीय शिविर में स्वस्थ, सफल एवं मधुर जीवन जीने के लिए योग, प्राणायम, क्रिया योग और ध्यान योग के व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक प्रयोग सिखाए जाएँगे। □

# 27वें महावीर पुरस्कार हेतु नामांकन आमंत्रित

भगवान महावीर फाउंडेशन, चेन्नई द्वारा सामाजिक क्षेत्र में मानवीय सेवा के उत्कृष्ट कार्य हेतु 27वें महावीर पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित किया गया है। इस पुरस्कार के तहत 1. अहिंसा और शाकाहार के प्रति प्रचार, 2. शिक्षा, 3. चिकित्सा और 4. सामुदायिक और सामाजिक सेवा के क्षेत्र को शामिल किया गया है। भगवान महावीर फाउंडेशन के संस्थापक ट्रस्टी श्री एन. सुगालचंद जैन के अनुसार पुरस्कार चार श्रेणियों में दिया जाता है।

पुरस्कार में 10 लाख रुपये की नकद धनराशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किया जाता है। नामांकन भेजने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 है। □

---

# पालीताना में भव्य कैंप

आदिनाथ जैन ट्रस्ट, चेन्नई द्वारा संचालित आदिनाथ जैन हेल्थ केयर सेंटर पालीताना में भव्य शिविर आयोजित हुआ जिसमें जरूरतमंदों को कृत्रिम पैर, क्लचर्स, व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, श्रवण यंत्र, चश्मे आदि उपयोगी चीजें बाँटी गई। □

---

# नयी कार्यकारिणी समिति

चेन्नई के श्री बाफना परिवार जैन संघ द्वारा 5 फरवरी 2023 को चूलै स्थित मालू भवन में नई कार्यकारिणी समिति का गठन हुआ जो इस प्रकार है -

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | - | **श्री ओमप्रकाश बाफना**, खींचन |
| उपाध्यक्ष | - | **श्री सुरेश बाफना**, गुड़ा चतुराजी |
| उपाध्यक्ष | - | **श्री चंदनमल बाफना**, ब्यावर |
| सचिव | - | **श्री अशोक बाफना**, भोपालगढ़ |
| सह-सचिव | - | **श्री विनोद बाफना**, पांथेडी |
| कोषाध्यक्ष | - | **श्री ताराचंद बाफना**, खीचन |

# श्री जैन मेडिकल रिलीफ सोसायटी द्वारा डायलिसिस




श्री जैन मेडिकल रिलीफ सोसायटी द्वारा संचालित आंचीबाई हेमराज कटारिया डायलिसिस सेंटर, पेरम्बूर में जनवरी 2023 में 393 डायलिसिस किए गए। बुरड़ डेंटल केयर में 303 लोगों के दाँतों का ईलाज किया गया तथा बोहरा डायग्नोस्टिक सेंटर में 106 लोगों की बीपी, मधुमेह व अन्य जाँच की गई। केसरियानाथ औषधालय में 500 मरीजों की सामान्य जाँच की गई। □

---

# सिंघवी चेरिटेबल ट्रस्ट एवं रेपको बैंक द्वारा नेत्र-दंत जाँच शिविर

**26 जनवरी 2023**

**तिरुवल्लुर के पिंचीवाकम ग्राम** - 235 लोगों के नेत्र व दाँतों की जाँच की गई।

**19 फरवरी 2023**

**उत्तिरमेरूर के मनमपत्ती ग्राम** - 190 लोगों के नेत्र व दाँतों की जाँच की गई। □




# पत्रिका प्रकाशन के सहयोगार्थ

# विज्ञापन आमंत्रित हैं

**दक्षिण राजस्थानी पोस्ट का हर अंक लगभग 5000 पाठकों को प्रति माह भेजा जा रहा है। अपनी संस्था, व्यवसाय के विज्ञापन देकर लाभ उठाएँ व सहयोग दें।**

---

## पूरे पृष्ठ का विज्ञापन शुल्क
## ₹5000 प्रति अंक

---

संपर्क करें :

**चंद्रप्रकाश मालपानी**
चेयरमेन DRP
98408 38035

**जयंतीलाल तेलिसरा**
महामंत्री - रजत
98410 27218